# राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
## (राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010

दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org


**अति महात्वपूर्ण**

पत्रांक– 354 / 241 / NULM / तीन / 2015–16 (SM&ID)-II  दिनांक– 11-5-16

सेवा में,

1. **जिलाधिकारी / अध्यक्ष,**
   जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।

2. **सिटी प्रोजेक्ट आफीसर / परियोजना निदेशक,**
   शहर मिशन प्रबन्धन इकाई, डूडा
   उ0प्र0।

**विषय : एस0एम0एम0यू0, सूडा उ0प्र0 में स्थापित कॉल सेन्टर के टोल–फ्री नं0–18001800155 के बेहतर संचालन हेतु शहरी आजीविका केन्द्र (सी0एल0सी0) की आवश्यक सूचना तत्काल प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के अन्तर्गत स्वीकृत शहरी आजीविका केन्द्र (सी0एल0सी0) के सन्दर्भ में जैसा कि आप अवगत हैं कि राज्य स्तर पर एस0एम0एम0यू0, सूडा उ0प्र0 के कार्यालय, पर्यटन भवन, गोमती नगर में वृहद प्रचार–प्रसार के दृष्टिगत कॉल सेन्टर की स्थापना टोल–फ्री नम्बर 18001800155 के साथ ही की गई है। उक्त कॉल सेन्टर में शहरी आजीविका केन्द्र से सम्बिन्धित विभिन्न प्रकार की कॉल प्रदेश के विभिन्न शहरों से आती है, जिस पर कॉल सेन्टर द्वारा शहर विशेष के सम्बन्धित शहरी आजीविका केन्द्र के सी0एम0एम0यू0, डूडा द्वारा उपलब्ध कराये गये फोन नं0 / मोबाइल नं0 पर सम्पर्क कर सेवाएं लेने की सूचना निरन्तर दी जा रही है जिसके परिपेक्ष्य में संज्ञान में आया है कि अधिकांश शहरी आजीविका केन्द्रों द्वारा उपलब्ध कराये गये फोन / मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क नहीं हो पाता है, जो कि अत्यन्त खेद का विषय है।

उल्लेखनीय है कि शहरी आजीविका केन्द्र का संचालन आत्मनिर्भरता के सिद्धान्त पर किया जाना है जिसके लिए आवश्यक है कि व्यापक प्रचार–प्रसार कर शहरी आजीविका केन्द्र की गुणवत्ता आधारित पहचान विकसित कर अधिक से अधिक आय सृजन किया जाए। इस प्रकार आरम्भिक अवस्था में शहरी आजीविका केन्द्र द्वारा फोन / मोबाइल न उठाना अच्छा संकेत नहीं है।

अतः आपसे उपरोक्त के आलोक में अनुरोध है कि स्वीकृत शहरी आजीविका केन्द्र के कार्यकारी फोन / मोबाइल नम्बर, शहरी आजीविका केन्द्र प्रबन्धक का नाम एवं शहरी आजीविका केन्द्र का ई–मेल आई0डी0 बनवाकर संलग्न प्रारूप में प्रत्येक दशा में अपेक्षित सूचना दिनांक 06.05.2016 को प्रस्तावित कार्यशाला में प्रतिभाग हेतु आ रहे परियोजना

अधिकारी, डूडा के माध्यम से एस0एम0एम0यू0, सूडा उ0प्र0 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायें जिससे कॉल सेन्टर द्वारा प्राप्त कॉल को/कॉल की सूचना को सम्बन्धित सी0ल0सी0 एवं सी0एल0सी0 प्रभारी सी0एम0एम0यू, डूडा को आवश्यक कार्यवाही हेतु हस्तान्तरित किया जा सके।

भवदीय

संलग्नक–यथोक्त

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैव
प्रतिलिपि–

1. समस्त परियोजना अधिकारी/सिटी मिशन मैनेजर, सामाजिक विकास एवं अवस्थापना, सी0एम0एम0यू0, डूडा उ0प्र0 को अनुपालनार्थ।
2. सहायक वेब मास्टर सूडा को सूडा की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेश

# <u>शहरी आजीविका केन्द्र से सम्पर्क हेतु आवश्यक सूचना हेतु प्रारूप</u>

1. शहरी आजीविका केन्द्र के संचालन का स्थल–..........................................................
2. शहर–..................................................जनपद–............................................
3. शहरी आजीविका केन्द्र संचालन की स्थिति – संचालित/असंचालित–..............................
4. असंचालन की दशा में संचालन की सम्भावित तिथि–.........................................
5. शहरी आजीविका केन्द्र संचालन का समय –.......................................................
6. शहरी आजीविका केन्द्र संचालक संस्था का नाम व पता–..............................................
   .............................................,सम्पर्क मुखिया का नाम–..................................पद–....................
   मोबाइल नम्बर–.........................................व ई–मेल आई0डी0–.............................................
7. शहरी आजीविका केन्द्र प्रबन्धक का नाम व पूरा पता–..................................................
   ................................................................................................................................
8. प्रबन्धक का कार्यकारी मोबाइल नं0 –...........................फोन नम्बर–......................
9. शहरी आजीविका केन्द्र का कार्यकारी (फंक्शनल) फोन/मोबाइल नम्बर–...........................
10. शहरी आजीविका केन्द्र का ई–मेल आई0डी0–.............................................................
    **(शहरी आजीविका केन्द्र का ई–मेल यदि नहीं बना है,**
    **तो तत्काल बनाकर प्रत्येक दशा में उल्लेख करें** )–...................................................................
11. सी0एम0एम0यू0–डूडा में शहरी आजीविका केन्द्र प्रभारी का नाम एवं पदनाम–...................
    ..........................................मोबाइल नम्बर–.................. एवं ई–मेल आई0डी0–......................

**सी0एल0सी0, प्रबन्धक**

**सिटी मिशन मैनेजर (एस0डी0आई0)**
**सी0एम0एम0यू0**

**परियोजना अधिकारी**
**डूडा**

**सिटी प्रोजेक्ट आफिसर/परियोजना निदेशक**
**सी0एम0एम0यू0–डूडा**